**भारत सरकार**
**वित्त मंत्रालय**
**व्यय विभाग**

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या – 293**

*सोमवार, 9 अगस्त, 2021/ 18 श्रावण, 1943 (शक)*

**ओडिशा को वित्तीय सहायता**

**293. श्री भर्तृहरि महताब:**
**क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) क्या सरकार का विचार वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान विशेष सहायता योजना के अंतर्गत ओडिशा को वित्तीय सहायता प्रदान करने का है;

(ख) यदि हां, तो इसके लिए आबंटित धनराशि सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त आबंटन राज्य सरकार को कब तक जारी किए जाने की संभावना है; और

(घ) इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा विकास के लिए चिह्नित की गई अवसंरचना संबंधी परियोजना का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**वित्त मंत्री (श्रीमती निर्मला सीतारामन)**

(क) से (घ): विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

**श्री भर्तृहरि महताब, संसद सदस्य, लोक सभा द्वारा ‘ओडिशा को वित्तीय सहायता’ के संबंध में 09.08.2021 को पूछे जाने वाले लोक सभा के तारांकित प्रश्न सं. *293 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क) से (ख): जी हां। केन्द्र सरकार ने ‘2021-22 के लिए पूंजीगत व्यय हेतु राज्यों को विशेष सहायता’ स्कीम के तहत ओडिशा राज्य को 374 करोड़ रुपए की राशि आबंटित की है।

(ग) से (घ): ओडिशा राज्य सरकार को वर्ष 2021-22 की स्कीम के तहत अभी एक प्रस्ताव प्रस्तुत करना है।

*******